हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 हरदा-इंदौर एनएच का किया अवलोकन...



07 कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ने लाभार्थियों...



### बसंत पंचमी पर हुआ धार्मिक आयोजन, निकला चल समारोह

# मंत्रोच्चार कर जैन मंदिर शिखर पर चढ़ाई नूतन ध्वजा, आंगी रचना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा के मंदिर शिखर पर लाभार्थी बड़ेरा परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। इसके पूर्व नगर में ध्वजा का चल समारोह निकाला गया। मंदिरजी में माणिभद्र वीर हवन - पूजन के साथ धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा चढ़ाई गई, वहीं नगर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर वसंत का स्वागत किया गया। मंदिरजी में परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना की गई।

शुक्रवार को वसंतोत्सव पर्व पर स्थानीय चंदाप्रभु जैन श्वे. मंदिर में मणिभद्र वीर हवन एवं ज्ञान की देवी सरस्वती माता के जन्मदिन पर धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। लाभार्थी बडेरा परिवार की ओर से परमात्मा की सत्तरभेदी पूजन का कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे मंदिरजी में रखा गया। इसके पूर्व तपागच्छ के अधिष्ठायक देव श्री माणिभद्र वीर का हवन-पूजन विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करवाया गया। हवन के पश्चात माणिभद्रजी को लाभार्थी बडेरा परिवार द्वारा सुखड़ी एवं थाल अर्पण किया गया। विजय मुहूर्त में विधिकारक वैभव जैन व संगीतकार राज मोदी एण्ड पार्टी उज्जैन द्वारा लाभार्थी परिवार स्व. केसरीमलजी, कैलाशचंद्र, रमेशचंद्र, मनोहर, महेंद्र, मनोज, संजय, अंकुश, अक्षय बडेरा परिवार के द्वारा ध्वज दंड की पूजा संपन्न करवाकर मंदिर स्वर्ण शिखर पर नूतन धर्म ध्वजा विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ चढ़ाई गई। इसके पूर्व ध्वजा को सिर पर धारण कर मंदिर परिसर में परिक्रमा की गई तथा लाभार्थी परिवार जनो ने ध्वजा की वासक्षेप से पूजा तथा आरती की गई।

इस अवसर पर परमात्मा का दरबार जयकारों से गूंज उठा तथा खुशी से झूमते नाचते समाजजनों ने शिखर पर अक्षत वर्षा की गई। एवं सभी को केसरिया रंग लगाकर प्रभावना वितरण की गई। इसके पूर्व मंदिर से बैंड बाजों के साथ नूतन ध्वजा का चल समारोह मुख्य मार्गो से निकाला गया। जिसमें समाजजनों के साथ लाभार्थी बड़ेरा परिवार सिर पर ध्वजा धारण कर शामिल रहे। बसंत पर्व पर जैन मंदिर में सुरेशकुमार काठेड़ द्वारा परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना की।

वसंत पंचमी पर मंदिर में परमात्मा चंद्रप्रभु के अभिषेक,केसर पूजन,आरती के लाभार्थी मनोहरलाल मुकेश कुमार, मनीष कुमार फाफरिया परिवार रहा। वसंत उत्सव के अवसर पर गुप्त लाभार्थी परिवार द्वारा जैन धर्मशाला में स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया था। वसंत पंचमी को ही स्थानीय श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम के साथ मंदिर शिखर पर समाजजनों द्वारा नूतन ध्वजा विधि विधान के साथ चढ़ाई गई।

### भजनों पर नाचते-गाते शामिल हुए हजारों राम भक्त

# राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा








हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़




भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या भगवान राम लला के भव्य मंदिर निर्माण की 22 जनवरी को द्वितीय वर्षगांठ नगर में धूमधाम से मनाई गई। नगर के सभी मंदिरों में फूलों एवं विद्युत रोशनी से मंदिरों को सजाया गया और प्रभु श्री राम की आरती की गई। अलसुबह प्रभात फेरी निकाल गई जिसमें नगरवासी मौजूद थे। वहीं नगर के कनकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री राम की महाआरती हुई। आरती के पूर्व मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया, साथ ही भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता और हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। वहीं शाम 7 बजे से प्रभात फेरी कीर्तन मंडल एवं महिला मंडल द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर से भगवान रामलला एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर श्री राम दरबार की शोभायात्रा डीजे ढोल धमाके के साथ प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग से निकली।

यात्रा का जगह-जगह धर्म प्रेमी जनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं प्रभात फेरी कीर्तन मंडल एवं महिला मंडल का पुष्प वर्षा व सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया। यात्रा का नगर में जगह बग्गी में विराजित भगवान रामलला की तस्वीर की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। इस शोभायात्रा के साक्षी युवा, बच्चे, युवतियां और पुरुष एवं महिलाएं श्री राम के भजनों पर नाचते झूमते हुए इस शोभायात्रा में कदम ताल मिलाकर चल रहे थे। श्री राम लला की शोभायात्रा नगर के ठाकुर मोहल्ला स्थित चमत्कारिक भूतेश्वर महादेव शिव डेरा मंदिर पर पहुंचा जहां भगवान श्री राम लला महा आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद इस शोभायात्रा का समापन हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से का थाना प्रभारी राजकुमार दांगी के नेतृत्व में पुरी पुलिस टीम शोभायात्रा में पूरे समय मौजूद रहे।

## गुप्त नवरात्र में सत्यानंद सरस्वती मां बगलामुखी दरबार में कर रहे साधना





**नलखेड़ा।** माघ मास की गुप्त नवरात्रि पर नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर कई संत व तांत्रिक मां की आराधना कर रहे हैं। ऐसे ही स्वामी सत्यानंद सरस्वती जिनके आश्रम अमेरिका व नासिक में है वे मां के दरबार में साधना कर रहे हैं। स्वामी सत्यानंद सरस्वती प्रतिदिन नौ घंटे तक निरंतर एक आसन साधना से मंत्र-जप में स्थित रहते हैं। बीच बीच में वे ढपली बजाते हुए सुमधुर आवाज में भजन भी गाने लगते हैं।

अमेरिका के श्री मां एवं स्वामी सत्यानंद सरस्वती शिव और शक्ति के उपासक साधक हैं। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को साधना के पथ पर समर्पित कर दिया है। पिछले पचास वर्षों से भी अधिक समय से वे निरंतर तप जप और साधना में लीन रहकर समस्त मानव जीवन के कल्याण और विश्व शांति के हेतू कार्यरत हैं। उनका परम उद्देश्य ईश्वर के प्रति प्रेम श्रद्धा और अखंड भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। विश्वभर में उनके असंख्य भक्त हैं जिनसे वे बिना किसी भेदभाव के समान प्रेम और करुणा रखते हैं। उनके आश्रम नापा व्हेली (केलिफोर्निया) व युबा सिटी तथा पेरू अमेरिका में स्थित है। भारत में नासिक के पास घोटी में आश्रम निर्माण प्रगति पर हैं। वे नवरात्रि के अवसर पर विशेष साधनाओं का अनुष्ठान करते हैं। इन साधनाओं में मंत्र-जप यज्ञ स्तोत्र पाठ तथा शास्त्रोक्त विधियों का समावेश होता है। साधना का यह क्रम कुमारी पूजन एवं सैकड़ों ब्राह्मणों को अन्नदान करवाकर पूर्णता प्राप्त करता है।

# बसंत पंचमी हर्षोल्लास से किया बसंत ऋतु का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़




नगर स्थानीय न्यू सहारा पब्लिक हाई स्कूल, कानड़ में वसंतऋतु के आगमन पर वसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इसके बाद सरस्वती वंदना विद्यालय की शिक्षिका रानी तिवारी एवं आशा कुंभकार द्वारा बच्चों को कराई गई। इसके बाद प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा मां शारदे के प्राकट्योत्सव एवं वसंत पंचमी का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिन शर्मा, अमित पाठक, मालती शर्मा, रचना शर्मा, पूजा तिवारी,भूमिका माली, रितिका यादव, आदि उपस्थित थे।

### बसंत पंचमी पर सागर विद्या निकेतन में विद्यार्थियों ने की मां सरस्वती की पूजा



**नलखेड़ा।** बसंत पंचमी के अवसर पर सागर विद्या निकेतन में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों ने विद्या प्राप्ति की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं आरती से हुई। विद्यार्थियों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां सरस्वती का पूजन कर उनसे ज्ञान, बुद्धि एवं सद्बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करने की प्रार्थना की।

## नवीन के नगरागमन पर होगा अभिनंदन समारोह का आयोजन




**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम धरोला निवासी नवीन पिता रामनिवास पाटीदार जोकि अमेरिकन आर्मी में सायबर सिक्युरिटी में असिस्टेंट लेफ्टीनेंट के पद पर पदस्थ हैं के पदस्थ होने के बाद 27 जनवरी को प्रथम नगरागमन पर स्वागत रैली निकाल कर अभिनंदन समारोह में अभिनंदन किया जाएगा। ग्राम धरोला के पूर्व सरपंच एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे स्व बद्रीलाल सरपंच के पौत्र नवीन पाटीदार की अगस्त 2025 में अमेरिकन आर्मी में सायबर सिक्युरिटी में असिस्टेंट लेफ्टीनेंट के पद पर नियुक्ति हुई थी। उसके बाद 27 जनवरी को उनका प्रथम बार गृह नगर आगमन हो रहा है। इस अवसर पर ग्राम धरोला व प्रदेश के इस गौरव का क्षेत्रीय पाटीदार समाज संगठन द्वारा भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पाटीदार 27 जनवरी को दोपहर 1 बजे नलखेड़ा पहुंचेंगे। सरदार पटेल चौराहे पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद एक सम्मान रैली प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भारत माता स्कूल पहुंचेगी जहां मप्र पाटीदार समाज के प्रदेशाध्यक्ष कृष्णकांत पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं रामेश्वर पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह में अभिनंदन किया जाएगा।

### शिशु मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव का किया गया आयोजन



**नलखेड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में शिशु मंदिर पंचमी के अवसर पर विद्या आरंभ संस्कार का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा छोटे बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया जिनके द्वारा विधिवत हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मातृशक्ति द्वारा चारों वेदों की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। तत्पश्चात माताओं ने चारों वेदों का पूजन कर अपने-अपने बच्चों से ॐ लेखन करवाते हुए उनका विद्या आरंभ संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर विद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया गया।

### बसंत पंचमी पर समर्पण दिवस मनाया

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में शिशु मंदिर पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन किया गया। समस्त भैया बहिनों सहित आचार्य परिवार द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई। अंत में समस्त भैया बहिनों द्वारा मां सरस्वती को पुष्प अर्पण कर समर्पण की राशि भेंट की गई।

### प्रभातफेरी में मनाया गया बसंत पंचमी महोत्सव



**नलखेड़ा।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारंभ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते हैं। इसी के चलते शुक्रवार को वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें मां सरस्वती के रूप में एक बालिका शामिल थी। श्रद्धालु झांझ मजीरों व ढोलक पर भजन गाते चल रहे थे। प्रभातफेरी अपने नियत मार्गों से होती हुई चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां बांसुरी वादन से माता सरस्वती की वंदना की गई। उसके बाद श्रीराम स्तुति की गई।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर निकली आकर्षक झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़






स्थानीय नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कानड़ द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में झांकी नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। झांकी में खुली जीप में नेताजी सुभाष के वेष में विवेक उपलावदिया, घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई के वेष में सेजल तोमर व शिवाजी के वेष में त्रिलोकचंद्र पड़िहार आकर्षण के केन्द्र रहे। झांकी में हाथों में तलवार लिए वीरांगनाएं व सैनिक मार्च पास्ट करते हुए चल रहे थे। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग रहा। रैली के बाद विद्यालय में छात्रों द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी उपस्थित थे। अध्यक्षता कानड़ थाना प्रभारी राजकुमार दांगी ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा कानड़ मण्डल अध्यक्ष अन्तरसिंह दोलतपुर, भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय गोयण, भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दयाराम खजूरिया, व्यापारी भरत संगवालिया उपस्थित थे। सरस्वती वंदना गरिमा त्रिवेदी, जैविका शर्मा, अवनी दुबे ने प्रस्तुत की। अतिथि परिचय प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा ने कराया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति रिकाडेक्शन , नाटक, भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं व पालकगण उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भंडारे के साथ समापन

# मित्रता दूध-पानी जैसी सच्ची हो, दिखावे की नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़








नैन्याखेड़ी अहिर शिवगढ़ रोड पशुपतिनाथ आश्रम पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा का 23 जनवरी को सातवें दिन भंडारे के साथ समापन हुआ। कथावाचक वैदिक पंडित लखन शर्मा ने कथा के अंतिम दिन विभिन्न प्रसंगों पर का उल्लेख करते हुए सातवें दिन राजा परीक्षित के प्रसंग को सुनाया और कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान के सोलह हजार एक सौ आठ विवाह का वर्णन किया। कथा व्यास शर्मा ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी की मित्रता से समझ सकते हैं। दिखावे के लिए मित्रता नहीं होनी चाहिए, मित्रता सच्ची और समर्पण भाव की होनी चाहिए।

दोस्ती ऐसी निस्वार्थ होनी चाहिए जो मित्रता के लिए अपना भी समर्पण कर दे ऐसी ही मित्रता भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की थी जिसका उदाहरण आज भी लोग देते है। दोस्ती की मिसाल देते हुए श्री व्यास लखन शर्मा ने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। तन पर फटे वस्त्र धारण किए हैं अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग भाव विभोर हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। पशुपतिनाथ मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभ प्रसंगों के साथ शुक्रवार को समापन हुआ। कथा के आखरी दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। साथ ही कथा पुर्ण होने पर श्रीमद् भागवत महापुराण की आरती की गई। कथा में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महापुराण की पूजा की।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में लगाया ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प

**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में महाविद्यालय में परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प लगाया गया जिसमें महाविद्यालय कि 140 छात्राओं ने लर्निंग लाइसेंस बनवाए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी ने छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस बनने पर बधाई दी और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। परिवहन विभाग से आए अभिजीत गहलोत ने यातायात के नियमों की जानकारी समस्त छात्राओं को दी। इस अवसर पर परिवहन विभाग से अभिजीत सिंह गेहलोद ग्रेड तृतीय , सतीश राजपूत कंप्यूटर ऑपरेटर, शैलेन्द्र सिंह पवार कंप्यूटर ऑपरेटर महाविद्यालय समिति प्रो नेहा राठौर, प्रो रॉबिन शेख, प्रो रामसितम साकेत, प्रो चेतना सिंह, अंकित सक्सेना एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ वरिष्ठ प्रो. चारुशिला भोसले प्रो. उज्ज्वला बाबर, प्रो. शर्मिला कांटे, प्रो. लोकेश जारवाल, राजीव कुमार साहू, प्रो. दीपनवीता गांगुली, प्रो. प्रीति तगाया, प्रो.प्रमोद परिहार, प्रतिक्षा चौहान, नरेंद्र कुमार गुप्ता, मनीष दुबे, सुरेश व्यास, रघुनाथ मालवीय, अजय वर्मा, अभय तंवर, अर्चना सोलंकी, भावना जोशी, अल्पना कुशवाह, रवि कुमार भाटी, राधा पांडे, कमल किशोर, पवित्रा बाई, प्रेम बाई व महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# हरदा-इंदौर एनएच का किया अवलोकन गुणवत्ता के साथ कार्य करने दिए निर्देश

ग्राम पंचायत ननासा में पानी की टंकी का निरीक्षण कर पानी का पीएच एवं कठोरता की जांच भी कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार को जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो एवं शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने चापड़ा ग्राम पंचायत में चल रहे हरदा-इंदौर एनएच के कार्य प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कार्य में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में होना चाहिए। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने लेआउट के माध्यम सम्पूर्ण जानकारी दी। एनएच के कार्य का अवलोकन कराया गया और कार्य में आ रही समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर सिंह ने संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने ग्राम गुराड़िया कलां में तालाब का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे नागरिकों पर दण्ड लगाने संबंधी कार्यवाही के निर्देश संबंधित पटवारी को दिए।

क्षेत्र में बने कोल्ड स्टोरेज व गोदाम से समय पर डायवर्जन शुल्क लें। चापड़ा में मुख्य चौराहे का निरीक्षण कर चौराहे पर ड्रेनेज सिस्टम ठीक करने के निर्देश दिए, जिससे पानी ना भर पाए। उन्होंने चौराहे पर लेफ्ट टर्न से अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए, जिससे चौराहा बड़ा बन सके तथा दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर ने सीईओ जनपद को चौराहे पर बने पुराने सुलभ शौचालय को हटाने के निर्देश देकर नया शौचालय बनाने के लिए कहा। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि नाले पर बने सभी अतिक्रमण को हटाया जाए। कलेक्टर सिंह ने चापड़ा ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरपंच नाथू सिंह सेंधव द्वारा पंचायत में किए गए कार्यों की जानकारी दी।

कलेक्टर सिंह ने पंचायत भवन में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा की एवं ''संकल्प से समाधान'' अभियान की प्रगति की जानकारी ली। अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का आवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने पंचायत भवन के पास बने तालाब का निरीक्षण किया और तालाब से गाद निकालने तथा तालाब के उपर से निकल रहीं विद्युत लाईन को हटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत ननासा में पीएचई विभाग की पानी की टंकी निरीक्षण किया। इस दौरान पानी का पीएच एवं कठोरता की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि पानी की शुद्धता 6.5 से 8.5 के बीच है, जोकि शुद्ध एवं पीने योग्य है। ग्राम पंचायत ननासा की बाल वाटिका एवं रेशम केन्द्र का निरीक्षण भी किया। बरवाईखेडा एनएचएआई टोल प्लाजा पर उपलब्ध एम्बुलेंस का निरीक्षण किया, एम्बुलेंस में क्या सुविधा है इसकी जानकारी ली। यदि कोई दुर्घटना हो जाती तो टोल फ्री नम्बर 1033 पर कॉल कर परीक्षण भी किया गया कि एम्बुलेंस को आने में कितना समय लगता है।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान खातेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड केंद्र, आपातकालीन वार्ड, मैटरनिटी वार्ड, एनबीएसयू यूनिट, पीएनसी वार्ड, कोल्डचेन रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिहं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और परिजनों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधा की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में चल निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया और कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नियमों की अनदेखी पर आरटीओ ने की कार्रवाई

**10 माह में 296 चालकों के लाइसेंस निलंबित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्थाओं को सुरक्षित बनाने की दिशा में कई प्रकरणों का निराकरण करते हुए कार्यवाही की गई है, जिसमें अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक कुल 10 माह में आए प्रकरणों पर कार्यवाही कर 296 चालकों के लाइसेंस निलंबित किए गए है, जिसमें मुख्यतः ऐसे वाहन चालक जो शहरी मार्गों एवं व्यस्तम मार्गों पर तय सीमा से अधिक गति से अपने वाहनों तेज गति से दौड़ाते पाए गए, यातायात नियमों का उल्लंघन करते, सिग्नल जंप करने पर, नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने एवं शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए उन चालकों के विरुद्ध आरटीओ अधिकारी द्वारा लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की गई। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, दो पहिया वाहन पर 3 सवारी नहीं बैठना चाहिए, सभी अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने नहीं देना चाहिए, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए, सभी दस्तावेज साथ में रखना चाहिए, शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए, वाहन की नंबर प्लेट एचएसआरपी होना चाहिए, तेज गति से वाहन नहीं चलाना चाहिए।

### प्रेस क्लब देवास और वरिष्ठ नागरिक संस्था ने किया मां सरस्वती का पूजन



**देवास।** प्रेस क्लब देवास द्वारा प्रति वर्षानुसार शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती पूजन का गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन शहर के वरिष्ठ नागरिक सभागृह में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मां सरस्वती जी के चित्र को पीले पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया। मां को फल, पंच मिठाई और केसरिया भात का भोग लगाया गया। उपस्थित पत्रकार साथियों व वरिष्ठजनों ने मां सरस्वती जी की पुजन कर ज्ञान, बुद्धि, विवेक एवं सद्बुद्धि की कामना की। पूरे सभागृह में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूजन उपरांत सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा जवाहर नगर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर देशभक्ति एवं सामाजिक चेतना से जुड़े विचार भी व्यक्त किए गए। जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में पत्रकारों और वरिष्ठ जनों ने सहभागिता की। आयोजन में प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा, सचिव शेखर कौशल, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मोदी, पूर्व अध्यक्ष अनिलराज सिंह सिकरवार, अतुल बागलीकर, विनोद जैन, आनंदसिंह ठाकुर, जगदीश सेन, अरविंद चौकसे, आनंद गुप्ता, सत्येंद्रसिंह राठौर, चेतन राठौड़, राजेश मालवीय, सुरेश जयसवाल, प्रिंस बैरागी, शैलेंद्र अडावदिया, राहुल परमार, धीरज सेन, रोहित उपाध्याय, राम मीणा, राम माल्या, कैलाश चौहान, संदीप पडियार, सुरेंद्र चौहान सहित वरिष्ठ नागरिक संस्था के श्रवण कुमार कानूनगो, हिमांशु ढाली, मनोहर सिन्हा, सुश्री वीणा भार्गव, के.सी. नागर, सत्यनारायण सोनी एवं नितिन बोस आदि अन्य जन बड़ी संख्या में शामिल होकर बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजा में भाग लिया।

## मंशापूर्ण काल भैरव सेवा समिति ने आदिवासी क्षेत्र में किया सेवा संस्कार और संस्कृति का समागम



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

मंशापूर्ण काल भैरव सेवा समिति इंदौर द्वारा ग्राम गोपीपुर स्थित विद्यालय परिसर में सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों को सर्दी से बचाव एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु शाल, स्वेटर, जूते, कंपास बॉक्स टिफिन बाटल, पेन, कापी सहित अन्य उपयोगी सामग्री एवं बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी पुरुषो को कंबल का निःशुल्क वितरण किया गया। यह पुनीत कार्य समिति अध्यक्ष निलगिरी महाराज द्वारा किया गया। महाराज ने बताया कि हरियाणा स्थित जूना अखाड़ा के अवधेश गुरु जी के सानिध्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह कार्यक्रम गोपीपुर विद्यालय परिसर में किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष यह कार्यक्रम चापड़ा समीप गुनेरा गुनेरी में आयोजित किया गया था। इस वर्ष यह कार्यक्रम गोपीपुर के डूंगर सिंह पुरा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष ने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा सेवा और संस्कार पहुंचना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ाने संस्कारवान बनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मंशापूर्ण काल भैरव सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति भविष्य में शिक्षा सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करती रहेगी जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।शाम को सभी को भोजन के साथ खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से धीरज सिंह राजपूत, मनीष जैन, शकील काजी, अनिल तेकाम एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# नाली के ढक्कन फूटने से डंपर पलटा, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर रोड पर स्थित यादव हॉस्पिटल के समीप गुरुवार देर रात्रि को बालू रेती से भरा एक डंपर पलट गया। जानकारी अनुसार नेमावर से इंदौर की ओर बालू रेती भरकर एक डंपर जा रहा था,जो की यादव अस्पताल के पास बंद हो गया। उस में धक्का लगाकर चालू करने के लिए अन्य डंपर को बुलाया गया। डंपर चालक बंद डंपर को धक्का लगाने के लिए बालू रेती से भरे डंपर को कंडेक्टर साइड से धक्का लगाने के लिए लाया था। इसी दौरान उक्त डंपर जिस जगह पर खड़ा किया गया था उसके नीचे पुरानी नाली बनी हुई है। जिस पर ढक्कन लगे हुए थे। बालू रेती अवर लोड होने के कारण ढक्कन टूट गए और डंपर वही का वही पलट गया। बालू रेती वहीं पर बिखर गई वहीं एक बोलेरो वाहन भी खड़ा हुआ था जो भी बालू रेती ऊपर गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हुई है। गनिमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

# बसंत पंचमी महोत्सव के साथ-साथ सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

विवेकानंद युवा महामंडल मांगलिया इंदौर के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्कूल प्रांगण नराना में बसंत पंचमी महोत्सव व सुभाषचंद्र बोस की जयंती बड़े धूमधाम से बनाई गई। इसके तहत सरगम पटेल व तनीषा नागर द्वारा मां सरस्वती व सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

साथ ही विद्यालय स्टॉफ द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। सुभाष चंद्र बोस के नारे तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा का नारा बच्चों के द्वारा दोहराया गया। प्राचार्य राकेश कुमावत ने सभी को सुभाषचंद्र बोस के बारे में बताया कि कैसे सुभाष चंद्र बोस ने खुद अपने दम पर सेना का निर्माण किया, जिससे कि अंग्रेजों की धड़कने बढ़ने लगी। और हमें झूठा इतिहास पढ़ाया गया कि आजादी बिना खड्ग बिना ढाल के मिली है।

# माहेश्वरी महिला मंडल सोनकच्छ के चुनाव हुए संपन्न, छापरवाल अध्यक्ष और जाजू सचिव बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा





माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव शांतिपूर्ण व निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव पर्यवेक्षक रचना झंवर देवास की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्व पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने चुनाव को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

पर्यवेक्षक द्वारा चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया गया। महिला मंडल की सदस्यों में चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिला I संगठन के नियमानुसार युवा सदस्यों को महिला मंडल में जोड़ा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष साधना छापरवाल, सचिव मंजू जाजू, कोषाध्यक्ष किरण नागौरी, उपाध्यक्ष रेखा चांडक, संगठन मंत्री अनिता दरक, प्रचार प्रसार मंत्री कोमल चांडक, सहसचिव ममता राठी, संस्कृतिक सचिव सीमा राठी निर्विरोध चुनी गई।नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों व वरिष्ठजनों द्वारा शुभकामनाएँ दी गईं।कार्यक्रम के अंत में झंवर का महिला मंडल की ओर से सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत 81 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

# योजना विवाह के साथ सामाजिक सम्मान भी सुनिश्चित करती है: पवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी क्रमांक-2 में आयोजित हुआ, जहां कुल 81 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इनमें 54 हिंदू विवाह और 27 मुस्लिम निकाह शामिल रहे। समारोह में नवविवाहित जोड़ों को पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक विधियों के साथ विवाह बंधन में बांधा गया। आयोजन को लेकर वर-वधू और उनके परिजनों में खासा उत्साह देखा गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल और सभापति रवि जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम के अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य सरकार की योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे विवाह समारोह सम्मानजनक ढंग से संपन्न हो सके।योजना से कमजोर वर्ग को मिल रही राहतकार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ी सहारा साबित हो रही है। यह योजना बेटियों के विवाह का आर्थिक बोझ कम करने के साथ सामाजिक सम्मान भी सुनिश्चित करती है।भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी योजनाएं सामाजिक समरसता को मजबूत करती हैं। वहीं, नगर निगम सभापति रवि जैन ने योजना को संवेदनशील और ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सरकार कन्यादान के माध्यम से परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों में खुशी और संतोष का माहौल नजर आया।

# बसंत पंचमी पर पीले पुष्प व कपड़ों में नजर आए बाबा श्याम



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार सुबह से ही नेवरी फाटे पर स्थित बाबा श्री खाटू श्याम मंदिर पर बसंत पंचमी के अवसर पर भक्तों का सैलाब देखने को मिला। जहां नेवरी फाटे स्थित श्री बाबा खाटू श्याम मंदिर पर श्याम बाबा का अंगवस्त्र वसंत पंचमी के दिन बदला गया। सुबह बाबा श्री श्याम का शाही अभिषेक किया गया व अंगवस्त्र ब्रम्हमुहूर्त में बदला गया। वही समिति सदस्य फूल सिंह पटेल के द्वारा बताया गया कि बाबा श्याम के अंगवस्त्र की ऐसी महिमा है कि भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। सुबह 7 बजे से बाबा श्याम का अनमोल अंगवस्त्र व बाबा का खजाना लुटाया गया। इसे लेने के लिए लोगों की लंबी भीड़ दिनभर लगी रही। महाआरती के पश्चात 8 बजे से ताली कीर्तन का लोगों ने आनंद उठाया जिसमें सभी भजन गायक आमंत्रित थे।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में वसन्तोत्सव मनाया गया

**ललितपुर।** जय बुंदेलखंड कॉलेज ऑफ लॉ पनारी में वसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन पर मां सरस्वती पूजन एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस जन्मदिन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया इस दौरान कॉलेज निदेशक व शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने बताया कि सुभाष बाबू के आदर्श त्याग समर्पण का ही प्रतिफल है कि आज हम स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने आजाद हिंद फौज द्वारा देश की आजादी की लड़ाई में दिए गए योगदान का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान निदेशक केदारनाथ तिवारी, रूपेश साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में गुरुवार रात एक हाईवा डंपर की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना मड़ावरा थाना क्षेत्र के सतवांसा गांव में सड़क निर्माण कार्य के दौरान हुई। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान महरौनी कोतवाली अंतर्गत खिरवांस निवासी 38 वर्षीय शिशुपाल कुशवाहा पुत्र भगवानदास के रूप में हुई है। शिशुपाल एक ठेकेदार के पास मजदूरी करता था और गुरुवार को सतवांसा में सड़क निर्माण कार्य के लिए गया था। रात करीब 11 बजे जब वह सड़क किनारे शौच के लिए खड़ा था, तभी निर्माणाधीन कार्य में लगे हाईवा डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे कुचल दिया। शिशुपाल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई नीलू कुशवाहा ने हाईवा डम्फर चालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नीलू का कहना है कि चालक शराब के नशे में था और उसने लापरवाही से डम्फरचलाकर जानबूझकर शिशुपाल को कुचला है। उन्होंने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नीलू कुशवाहा ने बताया कि शिशुपाल अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। दो साल पहले मसौरा गांव के पास हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से शिशुपाल के छोटे भाई उतपाल की भी मौत हो गई थी। उस घटना के बाद से शिशुपाल ही पूरे परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। मड़ावरा थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

### जमीनी विवाद में परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पटसेमरा में रहने वाली हल्ली पत्नी श्यामलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 22 जनवरी को सुबह 8 बजे वह अपने घर पर थी। तभी गांव के उम्मेद पुत्र चिन्टा, लाडो पत्नी उम्मेद, अजय व सौरभ पुत्रगण उम्मेद एकराय होकर उसके घर में घुस आये और जमीनी विवाद को लेकर गालियां देते हुये धमकाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। इस दौरान उसकी बहू मनीषा व पति श्यामलाल बचाव करने पहुंचे तो उनके सिर में कुल्हाड़ी से जानलेवा प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गयीं और पति का पैर भी टूट गया। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव किया, जिस पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### निधन पर सक्षम ने जताया शोक

**ललितपुर।** सक्षम के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिला सहकारी बैंक के पूर्व सभापति एवं विद्यालय प्रबंधक महेंद्र सिंह बुंदेला की माता मां साहब के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। महामंत्री अजय जैन साइकिल ने कहा कि मां साहब पूरे ग्राम जाखलौन के लिए प्रेरणास्रोत थी। गांव वालों की मदद में सदैव अग्रिणी रहती थी। इसी क्रम में पूर्व प्राचार्य नेहरू महाविद्यालय प्रो.भागवत नारायण शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त कर उनकी शिक्षा एवं समाज सेवा क्षेत्र में विशेष योगदान पर नमन किया गया। इधर पत्रकार कुन्दन पाल की माता के निधन पर भी सक्षम पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया।

---

### तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री ने किया पीएम स्वनिधि सम्मान क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ

# कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ने लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रधानमंत्री द्वारा तिरुवनंतपुरम, केरल से शुक्रवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पी.एम-स्व.निधि) योजना के लाभार्थियों हेतु क्रेडिट कार्ड का शुभारम्भ एवं 1 लाख लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ के मुख्य आतिथ्य व जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में व नपाध्यक्ष सोनाली जैन की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। सजीव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि कोविड-19 महामारी की वजह से शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका पर बुरा प्रभाव पडा है। यह आमतौर पर कम पूंजी से कार्य करते हैं लॉक-डाउन के दौरान इनकी पूंजी लगभग समाप्त सी हो गयी। इसीलिये शहरी पथ विक्रेताओं को अपना काम फिर से शुरू करने के लिये कार्यशील पूंजी की उपलब्धता के लिये ऋण की अति आवश्यकता महसूस की गयी। जिसके कारण 01 जून 2020 से योजना का शुभारम्भ किया गया। प्रथम चरण का समापन दिसम्बर 2024 में होने के उपरान्त द्वितीय चरण का आरम्भ सितम्बर 2025 से किया गया। द्वितीय चरण में प्रथम ऋण 15 हजार रुपये, द्वितीय ऋण 25 हजार रुपये एवं तृतीय ऋण 50 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा।

#### 50 दिन तक वापस करने पर ब्याज देय नहीं होगा

कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के 10 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधिगण और जिलाधिकारी के द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। बताया गया कि प्रधानमंत्री के द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड से लाभार्थी न्यूनतम 10 हजार, अधिकतम 30 हजार रुपये की धनराशि निकासी कर सकता है, जिसे 50 दिन तक वापस करने पर ब्याज देय नहीं होगा। प्रधानमंत्री स्ट्रीटवेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजनान्तर्गत ऋण की प्रथम किश्त 15 हजार रुपये, द्वितीय किश्त 25 हजार रुपये एवं तृतीय किश्त 50 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। जनपद में अब तक प्रथम ऋण के 5170, द्वितीय ऋण के 1787, तृतीय ऋण के 495 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। राज्यमंत्री मनोहरलाल ने योजना की जानकारी लाभार्थियों को देकर बताया कि प्राप्त ऋण से अपना व्यवसाय करें एवं समय से किश्तों का भुगतान करें एवं मिलने वाले कैस-बैक का लाभ उठायें। इस दौरान सी.एम.एम. डूडा राकेशचन्द्र त्रिपाठी, सीएलटीसी डूडा शशी कर्दम, कम्प्यूटर ऑपरेटर रामनन्दन सेन, स्व0निधि योजना के लाभार्थी के अलावा डीआईओ उपस्थित रहे।

---

### नेताजी बोस की जयंती मनाई

# बालोपासना दिवस पर किया प्रतियोगिताओं का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शुक्रवार को जिले के नगर केन्द्र पर स्वामी विवेकानंद जयंती से नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती (युवा दिवस) एवं बालोपासना दिवस के उपलक्ष्य में अटल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई, जिसमें जनपद के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। अंतिम चरण में बिरधा प्रखण्ड तथा नगर प्रखण्ड के बीच प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें बिरधा प्रखण्ड प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम में पीटी टीचर अमरजीत की सराहनीय भूमिका रही। इस दौरान प्रान्त सह संयोजक शुभम् कौशिक, श्रेयांस (विद्यालय प्रबंधक), जिला संगठन मंत्री अमन, जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, जिला मंत्री धुरव साहू, जिला संयोजक संजू ग्वाला, जिला सुरक्षा प्रमुख आलोक जैन, जिला सह सुरक्षा प्रमुख अंशुल झा, जिला बालोपसना प्रमुख सौरभ राजा, जिला सह बालोपासना प्रमुख राहुल कोरी, जिला विद्यार्थी प्रमुख कृष्णा राजपूत, नगर अध्यक्ष संजय जैन, नगर संयोजक विनीत तिवारी, नगर बालोपसना प्रमुख शुभम कुशवाहा, नगर मिलन केन्द्र प्रमुख, निक्की रैकवार, बिरधा प्रखण्ड मिलन केन्द्र प्रमुख माधव विश्वकर्मा, राघव विश्वकर्मा, छोटू प्रजापति आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

---

### सुधा बिहार कॉलोनी पर विवादों की परतें खुलीं

# नाले से लेकर ग्राम सभा की जमीन तक पर अब कोर्ट ने लागू कर दिया यथास्थिति का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर से सटी पनारी रजवारा की चर्चित सुधा बिहार कॉलोनी एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में है। कभी प्राकृतिक नाले के स्वरूप से छेड़छाड़, तो कभी ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप, यह कॉलोनी लगातार प्रशासन और कानून के रडार पर बनी हुई है। स्थानीय शिकायतों के बाद प्रशासन ने जांच कर यह पाया कि कॉलोनी का एक बड़ा हिस्सा सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रशासन द्वारा मौके पर सरकारी जमीन होने के चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए थे, जिससे कॉलोनी के वैध होने पर सवाल और गहरे हो गए। मामला यहीं नहीं रुका, आरोप है कि ग्राम सभा की जमीन में बोरिंग कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस गंभीर आरोप के बाद संबंधित विभाग ने सुधाविहार कॉलोनी प्रबंधन को औपचारिक नोटिस जारी किया और जवाब तलब किया। इसी बीच मामला सिविल कोर्ट तक पहुंच गया, जहां सुनवाई के बाद न्यायालय ने पूरी विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देते हुए किसी भी प्रकार के निर्माण, कब्जे या उपयोग पर स्टे लगा दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद जहां एक ओर प्लाट खरीदने वालों में अनिश्चितता का माहौल है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं कि यदि भूमि शुरू से ही विवादित थी तो कार्यवाही होने में इतना समय क्यों लगा। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सुधाविहार कॉलोनी अवैध रूप से विकसित की जा रही थी? नाले के स्वरूप में बदलाव की अनुमति किसने दी? ग्राम सभा की जमीन पर व्यावसायिक गतिविधियां किसके संरक्षण में चलीं? फिलहाल सिविल कोर्ट के स्टे के बाद गेंद प्रशासन और न्याय व्यवस्था के पाले में है। आने वाले दिनों में यह मामला बड़े खुलासों और कार्रवाई की ओर बढ़ सकता है।

---

# दुखियारी के पति की मदद करने जय अंबे समिति के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

**ललितपुर।** विश्वनाथ चंदेल ग्राम बरौदा बिजलौंन की पत्नी सारे दिन से ब्लड के लिए परेशान हो रही है कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नही आ रहा है जब समिति ने मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर जरूरतमंद मरीज विश्वनाथ चंदेल की पत्नी से मुलाकात हुई तो मरीज की पत्नी ने समिति को आंसू बहते हुए बताया कि मेरे पति को दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी एक यूनिट ब्लड मैं स्वयं एक दिन पहले दे चुकी हूं दूसरे यूनिट की और आवश्यकता थी मगर मेरे रिश्तेदारों सहित कोई भी मेरी मदद करने को आगे नही आ रहे है मैं सारे दिन से परेशान हो रही थी जय अंबे रक्तदान समिति ने तत्काल रक्तदाता निशांत दुबे को सूचना दी और निशांत दुबे ने तत्काल ब्लड बैंक पहुंच कर जरूरतमंद विश्वनाथ चंदेल को 16 वीं बार रक्तदान किया।

तत्पश्चात महिला ने रक्तदाता सहित जय अंबे रक्तदान समिति के सदस्यों को धन्यवाद एवं आशीर्वाद दिया। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज में भर्ती गंभीर बीमारी से ग्रसित रामकली को सचिन नामदेव ने रक्तदान किया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने समिति एवं





रक्तदाताओं का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक लाड कुंवर ग्राम बरौदा बिजलोंन निर्मल कुमार निशांत राज आदि रहे।

---

### शिवसेना एकनाथ शिंदेगुट ने कार्यालय में मिष्ठान वितरित किया

# बाला साहेब ठाकरे का जन्म दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के आजादपुरा स्थित कार्यालय में बाबा साहेब ठाकरेजी का 101 वां जन्मोत्सव बडे हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया। जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने श्रीबाला साहेब ठाकरे को पुष्प अर्पित किये, जिसमें प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पं.अखिलेश चौबे ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हिन्दु सम्राट श्रीबालासाहेब ठाकरेजी का जन्म 23 जनवरी 2026 को महाराष्ट्र के पुणे के एक छोटे से गांव से निकलकर पूरे महराष्ट्र एवं भारत में हिन्दुत्व की मिसाल को लेकर हिन्दु विचारधारा को आगे रखकर अपना सारा जीवन हिन्दुओं के सम्मान और उनकी एकजुट कार्य प्रणाली को बल देने का कार्य अपने संपूर्ण जीवन में करते रहे।

शिवसेना जैसे सनातन की रक्षा करने बाली राजनैतिक पार्टी स्थापना की और हिन्दुओ को सम्मान दिलाने का कार्य सारे जीवन भर करते रहे, उनकी जयंती बनाने का कार्य शिव सेना एकनाथ शिंदेगुट के कंन्धों पर डालकर राष्ट्र को



एक हिन्दु बचाव संकल्प शिव सेना एकनाथ शिंदेगुट द्वारा किया जा रहा है। इसी बीच पुष्प अर्पित कर मिठाई खिलाकर कार्यक्रम को संम्पन्न कराया। जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान साधना यादव, सुहानी राजा बुन्देला, रौनक राजा बुन्देला, चांदनी शर्मा, सुरक्षा झा, शिवानी राजा, उषा कुशवाहा, गुलाबरानी अहिरवार, गनेशी अहिरवार, पार्वती अहिरवार, सुमन अहिरवार, गुलाब चंदेल, रूपा रैकवार, विजय नामदेव, सर्वेश चौबे, डब्बू राजा, जयविजय सिंह, डा.रामू, अंशुल दुबे, रवि सेन, दिग्गवजय सिंह बुन्देला, मनीष चौरसिया, सोनू कुशवाहा, रामस्वरूप नामदेव, रवि प्रजापति, बाबूलाल कुशवाहा, लक्ष्मन कुशवाहा, भगवानदास कुशवाहा, राजीव कुशवाहा, शिवकुमार चंदेल, भगवानदास चंदेल, संतोष कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, गनेशराम रजक, अखिलेश कुशवाहा, राममिलन कुशवाहा, अनिकेत कुशवाहा, इन्द्रपाल सिंह अहिरवार, रामदयाल अहिरवार, रामकिशन अहिरवार, अरविंन्द अहिरवार, अर्जुन बरार, सुजीत धानुक, रिंकू कुशवाहा, जगदीश चंदेल, सोनू चंदेल, सुनद्रर्म ताम्रकार, सत्यम ताम्रकार, अस्वनी शर्मा, सुनील रैकवार, शिकारीलाल सेन, रविन्द्र सिंह गोर, प्रदुम कुशवाहा, किशन कुशवाहा, अजय अहिरवार आदि लोग उपस्थित रहे।

---

### अनूप ने नाराहट के लोगों पर एफआईआर कराई

**ललितपुर।** पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर कोतवाली से एफआईआर नं. 06/2025 को ललितपुर के नाराहट थाने में स्थानान्तरित की गयी है। इस एफआईआर में पश्चिम बंगाल के जिला नादिया अंतर्गत डाकघर कालीरहाट के इटाला उत्तरपारा में रहने वाले अनूप विश्वास पुत्र लेफ्टिनेंट नृपेन विश्वास ने बताया कि ललितपुर जिले के थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम खिरिया उबारी डाकघर पटना निवासी मन्नू पटेल पुत्र बालचंद्र, सुजान सिंह पुत्र जनसिंह, डा.रामनिवास पुत्र कामता, बोदरी पुत्र गोपी, रामकांता पुत्र बोदरी ने 4 नवम्बर 2022 को लगभग अपराह्न 3 बजे मन्नू पटेल उसके घर आया और चाबी मांगी। विरोध करने पर उक्त लोग जबरन उसके घर में घुस आये और दरबाजा तोड़कर घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया और उसे धमकाया। मामले की सूचना पीड़ित ने थाना कोतवाली नादिया को दी। अनूप विश्वास की तहरीर पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

# श्रीमद् भागवत कथाः जगत को सनातन धर्म से जोड़ें- व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रावतयाना नेमवि ग्राउण्ड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का दूसरे दिन की कथा सम्पन्न हुई, जिसमें व्यास महाराज शिवम कृष्ण शास्त्री ने गोकर्ण और धुंधकारी का संवाद सुनाया गया। भागवत के श्लोकों का व्याख्यान किया गया। आज की कथा में व्यासजी ने जगत को सनातन धर्म से जोडने को कहा और संसार में जो धर्म के विरुद्ध कुरीतियां फैल रही है। उनसे हटने एवं अपने परिवार को धर्ममय बनाने के उपदेश दिए तथा रामायण की चौपाई परहित सरिस धर्म नही भाई पर पीड़ा सम नही अधिमाई। इस दुनिया में जो व्यक्ति दूसरों की भलाई करता है वह मानव जीवन को सार्थक बनाता हैं। संत सेवा मानव सेवा एवं जीव सेवा के प्रति समर्पण भाव रखे। कथा में यजमान शैलेंद्र प्रताप सिंह, शुभम राजा बुंदेला, धर्म प्रताप सिंह, अशोक साहू, मुकेश साहू, महेश पटैरिया, जयहिन्द यादव, प्रीतम कुशवाहा, गब्बर पटेल, अतुल निरंजन, अनुज झा, अरविन्द्र चौबे, दिनेश विश्वकर्मा, संजय गुप्ता सहित समस्त मुहल्ला वासी मौजूद रहे।

---

# रुपए उधार देना मंहगा पड़ा, कनपटी पर तमंचा लगाने का आरोप लगाया

ललितपुर। मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले रोहित यादव उर्फ निक्की पुत्र स्व.दिनेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि करीब 2-3 वर्ष पहले जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित भूपेन्द्र तिवारी के कार्यालय में उसकी मुलाकात थाना जखौरा के ग्राम करमुहारा व हाल मोहल्ला पिसनारी निवासी निवासी गोलू उर्फ सत्यभान यादव पुत्र रणवीर सिंह से हुयी थी। कुछ ही समय में गोलू अपने अन्य साथियों के साथ उससे मिलने-जुलने लगा। बताया कि माह जनवरी 2024 में गोलू ने उससे 50 हजार रुपये उधार मांगे, तब उसने अपने मोबाइल के जरिए 40 हजार रुपये दिया। माह अप्रैल में फिर 50 हजार रुपये उधार मांगा तो उसने 40 हजार रुपये और 55 हजार रुपये नकद उससे लिये। कुल 1 लाख 35 हजार रुपये फोन व नकद के रूप में लेकर गोलू नहीं मिला। बताया कि जुलाई में जब उसने रुपये वापस मांगे तो गोलू उर्फ सत्यभान ने काफी टाल मटोल करते हुये फोन के जरिए 8 हजार रुपये वापस दिया। शेष 1 लाख 27 हजार रुपये बाद में देने की बात कही। अक्टूबर 2025 में जब उसने गोलू से रुपये मांगे तो सत्यभान उर्फ गोलू ने आक्रोशित होकर उसके साथ गालियां देते हुये धमकाने लगा और रुपये दोबारा मांगने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। तब उसने कुछ समय और दिया। दो दिन में रुपयों की व्यवस्था करने की बात कही। आरोप है कि 22 दिसम्बर को वह अपने दोस्त जाखलौन निवासी दुष्यन्त सिंह के साथ ओबर ब्रिज से जेल रोड जा रहे थे, जहां सत्यभान ने उसे रोक लिया और उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर रुपये मांगे। रुपये न होने की बात कहने पर गोली मारने की धमकी दी। उसने अपनी जान बचाने के लिए जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये गोलू को दिया। इस पर गोलू उसे धमकाते हुये जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

### एसपी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# टर्न-आउट, शारीरिक मुद्रा व अनुशासन का अवलोकन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने टर्न-आउट, शारीरिक मुद्रा एवं अनुशासन, ड्रिल एवं परेड मूवमेंट तथा शारीरिक फिटनेस आदि का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

आगामी गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड की रिहर्सल का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की तैयारी, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रुट आरक्षियों की परेड का एसपी द्वारा उच्च मानकों के अनुसार बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा प्रशिक्षण संबंधी कमी को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टॉफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुये त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। डायल-112 की पीआरवी 5808 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियो को अस्पताल पहुँचाने एवं अन्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, अविलम्ब निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/पाली सुनील कुमार, प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### संघ शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

# हिंदू बनो तो विवेकानंद, मुसलमान बनो तो अब्दुल कलामः वर्षा नागर

### भगवा पताकाओं, झांकियों व कलश यात्रा के साथ निकला चल समारोह






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तथा अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय तिथि के पावन पर्व पर सारंगपुर नगर में हिन्दू समाज द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर धर्ममय वातावरण से ओत-प्रोत दिखाई दिया और "वंदे मातरम्", "भारत माता की जय" तथा "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत पंडितवाड़ी स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन एवं महाआरती से हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

#### झांकियों और भगवा पताकाओं से सजा नगर

चल समारोह में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यात्रा में भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहन भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी भारत माता की जीवंत झांकी घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की वीरता दर्शाती झांकी गौशाला, शिलानाथ बाबा का धूना राष्ट्र एवं महापुरुषों की प्रेरणादायी झांकियां नगरवासियों का मन मोह रही थीं। चल समारोह गांधी चैक, सदर बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद क्षेत्र, रंगेरवाड़ी, बागकुआ, बदलीपुरा, पालीवाल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, एबी रोड, अकोदिया नाका होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा। नगर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

#### यज्ञ, पूर्णाहुति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कृषि उपज मंडी परिसर में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एवं सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा।

#### इस दौरान सुरेंद्र सोलंकी बोले- संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र की शक्ति

प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि "आज हिंदू समाज के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी हैं। इतिहास साक्षी है कि जब समाज संगठित नहीं रहा, तब विदेशी आक्रांताओं और अत्याचारों का सामना करना पड़ा।" उन्होंने कहा कि आज भी जातिगत भेदभाव, सामाजिक विघटन,जनसंख्या असंतुलन सांस्कृतिक विस्मृति जैसे संकट राष्ट्र की एकता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठित, संस्कारित और समरस हिंदू समाज ही राष्ट्र की रक्षा कर सकता है। जब हिंदू समाज एकजुट होगा, तभी भारत विश्व को शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखा सकेगा।

#### *वर्षा नागर का प्रेरक संबोधन - संस्कार ही राष्ट्र की असली शक्ति*

*संघ शताब्दी वर्ष के स्थापना उत्सव अवसर पर मुख्य वक्ता वर्षा नागर ने मां भगवती, बिजासन माता, वैष्णो देवी एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में वंदन करते हुए अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और संस्कृति की सेवा करता आ रहा है।"उन्होंने बताया कि संघ का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना समाज को जागरूक बनाना संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाना है। वर्षा नागर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल मोबाइल, सोशल मीडिया और मनोरंजन तक सीमित न रहें, बल्कि अपने इतिहास को जानें अपने वीरों को पहचानें अपनी संस्कृति पर गर्व करें उन्होंने महाराणा प्रताप, महाराणा कुंभा जैसे महापुरुषों के त्याग, शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। बेटियों को दिया दुर्गा स्वरूप बनने का संदेश दिया, तथा कहा कि भारत की बेटियां केवल परिवार नहीं, राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें दुर्गा स्वरूप बनकर आत्मनिर्भर, साहसी और संस्कारवान बनना चाहिए।*

### एसआईआर के संबंध में इंका जिलाध्यक्ष ने लगाए आरोप

# कांग्रेस समर्थित वैध मतदाताओं के कटवाए जा रहे नामः प्रियवृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

निवार्चन आयोग द्वारा निवार्चन के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के प्रकाशन उपरान्त कल 22 जनवरी तक दावे-आपत्तियों प्राप्त करने के अंतिम दिवस जिला कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने आरोप लगाए कि भाजपाईयों द्वारा एसआइआर कार्य के तहत कांग्रेस समर्थित वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाने आवेदन दिए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर 50 से 100 मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास भाजपा कर रही है। इस संबंध में जिले के कुछ वोर्टर्स से प्राप्त शिकायतों का उल्लेख इंका जिलाध्यक्ष द्वारा प्रेसवार्ता में किया गया। उन्होंने बताया कि ब्यावरा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रहलाद दांगी एवं कन्हैयालाल दांगी के फर्जी दस्तखत कर आपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं। इसी तरह सारंगपुर विस में भी इसी तरह की शिकायत मिली है। विभिन्न बूथों पर पदस्थ बीएलओ भी बल्क में(ज्यादा संख्या में) आपत्तियां प्राप्त कर रहे हैं जबकि बीएलओ एक बार में अधिकतम 10 आपत्तियां, फार्म स्वीकार कर सकते हैं। भाजपाईयों द्वारा नाम हटाने जो आपत्तियां प्रस्तुत की जा रही हैं वे सभी असत्य और फर्जी हस्ताक्षरों से प्रस्तुत की गई हैं।

#### यह रखी मांगें

कांग्रेस ने मांग रखी कि जिले में प्रस्तुत फर्जी आपत्तियां बिना किसी जांच के निरस्त की जाएं। असत्य शपथ-पत्र भरने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए साथ ही मतदाताओं के सत्यापन की आवश्यकता होने पर सत्यापन के समय राजनैतिक दलों के बीएलओ को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के लिए सूचना देना सुनिश्चित किया जाए।

## भूकंप, आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के सिखाए गुर

### मानव जीवन बचाने के बारे में जीवंत प्रदर्शन किया गया



**राजगढ़।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल(एनडीईआरएफ) भोपाल के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्कशॉप आयोजित कर विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए गए। इस दौरान एनडीईआरएफ की प्रशिक्षित टीम ने भूकंप, आगजनी, गैस रिसाव, मकान ढहने, सर्पदंश जैसी स्थितियों में कैसे अपना मानव जीवन बचाया जा सकता है, इस बारे में जीवंत प्रदर्शन किया गया। टीम द्वारा प्राथमिक उपचार, गले में फंसी वस्तुओं को बाहर निकालने, आपदाओं के पीड़ितों के बचाव, सावधानानियों सहित आपदा के समय क्या करें और क्या न रकें इस बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने अपने मन में उठी जिज्ञासाओं के संबंध में टीम से सवाल किए जिनका समाधान किया गया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य विपिन खरे ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के समय सही जानकारी, अनुशासन, धैर्यता, नियमित प्रशिक्षण से ही जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है। ऐसे अभ्यास विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के साथ सेवाभाव भी विकसित करते हैं।

## स्वयं की किडनैपिंग व लूट की कहानी का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

### 54 लाख रुपए का ट्रक व मसूर जब्त, चालक गिरफ्तार



**सारंगपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सारंगपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्वयं की किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रचने वाले ट्रक चालक को महज 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर करीब 54 लाख रुपये कीमत का मशरूका बरामद किया है। इस कार्रवाई में 37 लाख रुपये कीमत का ट्रक एवं 17 लाख रुपये मूल्य की 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) जब्त की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे तथा एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी 2026 को फरियादी महेश पिता स्व. शिवनारायण राठौर, निवासी सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह कृषि उपज मंडी सारंगपुर में थोक गल्ला व्यापारी है। 08 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) ट्रक क्रमांक त्थ्र-08-ळ।-6989 में खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी, नलखेड़ा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। नियत समय पर ट्रक दिल्ली नहीं पहुंचा। जब व्यापारी ने चालक से संपर्क किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। दो दिन बाद ट्रक चालक ने फोन कर बताया कि हरियाणा के नूंह जिले के के.एम.पी. हाईवे पर रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे लड्डू में नशीला पदार्थ खिलाया, जिससे वह बेहोश हो गया। 36 घंटे बाद उसे राजस्थान के जयपुर के पास चंदवाजी हाईवे पर होश आया, जहां ट्रक और माल गायब था।ड्राइवर ने इस संबंध में थाना रोजका मेव, जिला नूंह (हरियाणा) में भी शिकायत दर्ज कराने की बात कही। लेकिन व्यापारी को चालक की कहानी पर संदेह हुआ, जिसके बाद वह थाना सारंगपुर पहुंचा और चालक पर ही अमानत में खयानत का आरोप लगाया।

## भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा




**माचलपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम लसुड़िया के हिंदू समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा वा विभिन्न धार्मिक आयोजन किये। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व आराध्य भगवान राम दशकों की प्रतिक्षा के बाद बिराजमान हुऐ थे तभी से इस दिन धार्मिक आयोजन की शुरुआत हुई जिसमे तभी से गांव में प्रभात फेरी निकाली जाती। गुरुवार को राम की भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से बैंड बाजे डीजे की धुन पर शुरू हुई जिसमे बड़ी संख्या महिला पुरुष वा युवा ने हिस्सा लिया शोभायात्रा में रामदरबार की आकर्षक चालित झांकी साथ चल रही थी और युवा भजनों की धुन पर थिरकते चल रहे थे। झांकी में बिराजमान भगवान की गांव के विभिन्न मोहल्लों के घरों के सामने पूजा आरती की गई। गांव भ्रमण कर राम मंदिर,रामदेव मंदिर होकर हनुमान मंदिर पहुंची जहां महाआरती हुई और सामूहिक भंडारा हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी ने धर्मशाला निर्माण के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, हनुमान पाटीदार, मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोईसहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कुदाली में शिव महापुराण कथा श्रद्धा के साथ जारी



**नरसिंहगढ़।** तहसील के ग्राम कुदाली में महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन भक्तिभाव के साथ निरंतर जारी है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँच रहे है। यह धार्मिक आयोजन 19 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। प्रतिदिन प्रातः साढ़े आठ बजे से ग्यारह बजे तक शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है, जबकि दोपहर साढ़े बारह बजे से चार बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन संपन्न हो रहा है। आयोजन का समापन 26 जनवरी को पूर्णाहूति, विधिवत पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की विभाग बैठक संपन्न



**झाड़ल।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की विभाग बैठक झाड़ला जोड़ हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में डॉ प्रवीण जी तोगड़िया के आगामी कार्यक्रम और राजगढ़ ब्यावरा विभाग के लिए प्रवास पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री संजीव जी पटेरिया और राजगढ़ विभाग महामंत्री दीपक पाठक ने भगवान राम और हिंदू धर्म पर चर्चा की। इस अवसर पर विभाग जिला अध्यक्ष भरत सिंह मीणा ने प्रांत महामंत्री संदीप पटेरिया के द्वारा कार्यकारिणी की गठित की गई, जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल युवा जिला अध्यक्ष सुनील पटेल, विभाग मंत्री सुरेंद्र सिंह शेखावत, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परमार, गो रक्षा प्रमुख जगदीश विश्वकर्मा, दिलीप सिंह मीणा, विभाग मंत्री राजू दास बैरागी, गो रक्षा सदस्य विभाग मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, दीवान सिंह मीणा, नगर अध्यक्ष डॉ रोहित शर्मा, हिंदू हेल्पलाइन जिला संयोजक सत्संग प्रमुख मोहन राठौर, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश चैरसिया को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सूरज यादव, बजरंग दल जिला अध्यक्ष भोपाल विकास चैरसिया, जिला अध्यक्ष भोपाल जिला राजगढ़ ब्यावरा अध्यक्ष भारत सिंह मीणा, विभाग महामंत्री नंदकिशोर चैधरी, उपाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेवाडा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, फूल सिंह मंडलोई, अमित परिहार, कैलाश प्रजापति, रूपराम लखन चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी का आभार विभाग महामंत्री नंदकिशोर चैधरी ने किया।

## धनक मुनि जयंती पर वंशकार धानुक समाज ने शोभायात्रा निकाली

### नगर में पहली बार निकाला चल समारोह सामाजिक एकता का दिया संदेश



**नरसिंहगढ़।** गुरु महाराज धनक मुनि जयंती अवसर पर गुरुवार को वंशकार (धानुक) समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नरसिंहगढ़ नगर में पहली बार आयोजित की गई, जिसे लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह और गौरव का माहौल रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः नरसिंह स्टेडियम से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला बाग स्थित सामुदायिक भवन पर समापन के साथ सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में समाजजनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी. बंसल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट मधुराज , पूर्व विधायकध्सांसद धनश्याम पिरोनिया, एसडीएम नथूलाल जी, सुशील कुमार, सुधीर कशवाय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण वंशकार सहित समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने महाराज धनक मुनि के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।

आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल वंशकार, नगर अध्यक्ष संदीप वंशकार, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश वंशकार, डॉ. एम.एल. वंशकार, अशोक , महेश वंशकार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. एम.एल. वंशकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंदौर, भोपाल, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर एवं राजगढ़ जिलों से वंशकार (धानुक) समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बजरंग नवयुवक समिति ने नगर में चलित सुंदरकांड पारायण किया

**जीरापुर।** विगत 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम लला कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था। जिसको लेकर पूरे देश में भगवान श्री राम कि प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली कि तरह धार्मिक रूप से मनाया गया था।इसी तारतम्य में नगर कि प्रसिद्ध धार्मिक अनुशासित श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ द्वारा नगर में किशनगढ़ मोहल्ला (गाड़ी अड्डा) चोक से चलित सुंदरकांड पारायण का आयोजन तृतीय वर्ष में किया गया। श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ के समस्त सदस्य तथा श्रद्धालु भक्त किशनगढ़ चोक में एकत्रित हुए जहां पर हनुमान जी महाराज कि पुजा अर्चना एवं आव्हान करके संगीतमय चलित सुंदरकांड पारायण शुरू किया जो नगर के बुधवारिया बाजार , जवाहर चौक, इंदर चौराहा, माचलपुर रोड़ से जमाई कालोनी, अटल चौक, बृजवासी मोहल्ला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पहुंचा। मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं हनुमान जी कि पूजा आराधना लोगों द्वारा की गई। वहीं सभी सदस्य लय ताल के साथ सुंदरकांड पारायण करते चल रहें थे। सामूहिक आरती प्रसाद वितरण किया।

### दानवीरों के साथ महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर दिखाया हौसला

# मेडतवाल वैश्य समाज के तत्वावधान में 60 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मां फलोदी के आशीर्वाद से मेडतवाल वैश्य समाज ब्यावरा के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर उक्त शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 10 महिलाएं समेत 50 पुरुषों ने रक्तदान किया वर्तमान समय में जिला राजगढ़ के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए समाज के द्वारा यह लगातार नवा (9) रक्तदान शिविर है उक्त शिविर की शुरुआत सबसे पहले मां फलोदी की पूजा अर्चना के साथ की गई।

इस शिविर के साथ निशुल्क रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण डॉक्टर रानू जी गुप्ता सानवी पैथोलॉजी ब्यावरा के द्वारा की गई साथ ही डॉ अनमोल जी गुप्ता द्वारा दंत परीक्षण भी निशुल्क किया गया उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ वरिष्ठ जनों के साथ डॉ रामकरण गुप्ता डॉक्टर रमेश गुप्ता डॉ राकेश गुप्ता डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता, डॉ,धर्मेंद्र गुप्ता डॉ गौरव गुप्ता डॉ अर्पित गुप्ता डॉक्टर अनमोल एवं राजगढ़ की टीम से आए हुए अतिथियों का समाज जनों ने स्वागत किया वह नवयुवक मंडल व महिला मंडल द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं डॉक्टरों की टीम का स्वागत किया गया राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार युवा भाजपा नेता पंडित अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव दीपक सामरे सुमित सोलंकी भी शिविर में पधारे और उन्होंने भी मां फलोदी की पूजा अर्चना की समाज अध्यक्ष श्री गिरिराज जी सिंगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेठ साहब मोहन करोड़िया के कैलाश टाटा पुरुषोत्तम कुराडिया खेड़ी रामेश्वर पगारा वाले राम बाबू किल्ला वाले ब्रजमोहन हरीश नटराज दिलीप क्वालिटी आशीष घाटी वाले एवम नवयुवक संघ से रणछोड़ करोडीया द्वारका गुप्ता विनोद गुप्ता सर बालकृष्ण करोडिया राजकुमार गुप्ता मलावर वाले पुरुषोत्तम तालोड़ी वाले नाथ भैंसाना गोपाल भीलवाडिया वाले अंकुर चेतन जुलानिया नितेश जनवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता अर्पित गुप्ता दीपेश भानेज गिरिराज गुप्ता मलावर वाले अनिल राहुल तनु आदित्य मोहन हलवाई सोनू गुप्ता भेसाना सभी नवयुवक संघ के सभी साथी उपस्थित थे' 23 तारीख के कार्यक्रमों की जानकारी मेडतवाल नवयुवक संघ के मीडिया प्रभारी सोनू गुप्ता द्वारा दी गई कि 23 जनवरी को सुबह वाहन रैली शासकीय अस्पताल में फल वितरण वैष्णो देवी गो चिकित्सालय पर गुड और घास की सेवा तत्पश्चात गोवर्धन चौक से विशाल शोभा यात्रा चल समारोह के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से निकल कर माधव जिन पर पहुंचेगी वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक रूप से महा आरती एवं महाप्रसादी होगी।